C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 161 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 18 दिसंबर 2024



सलमान-एटली की फिल्म पर वरुण...पेज-3 पर

**विहंगम दृश्यः हिमालय दर्शन, नैनीताल...**



*ये अद्भुत नजारा चंद्रमा के साथ हिमालय की वादियों का है। इन दिनों मौसम खुशनुमा है, तो पहाड़ों की नैसर्गिक सुंदरता जमी से आसमान तक खिल उठा है। मंगलवार की शाम नैनीताल, हिमालय दर्शन इस तरह नजर आया यह अनुपम सौंदर्य।* **–छाया अफजल फौजी।**

## कैंची धाम मंदिर के विस्तार को जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

जिले के प्रसिद्ध कैंची धाम मंदिर में बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने जा रहा है। मानसखंड योजना के तहत इस मंदिर के विस्तार कार्य के लिए दो दिन बाद कार्य प्रारंभ होगा।

लोक निर्माण विभाग ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी कर दी हैं और इस परियोजना की शुरुआत के लिए आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि कैंची धाम मंदिर के विकास के लिए आयोजित टेंडर प्रक्रिया में निर्माण कार्य का ठेका



कैलाश हीलवेज नामक निर्माण कंपनी को सौंपा गया है। कंपनी को मंदिर में जी.प्लस.2 के तहत निर्माण कार्य करना है, जिसमें कई आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। इस कार्य के लिए कुल 28 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। लोनिवि ने सभी आवश्यक बॉन्ड्स तैयार कर दिए हैं और संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं जिससे यह परियोजना समय पर शुरू हो सके। निर्माण कार्य 28 करोड़ रुपये की लागत से होगा।

इसके तहत मंदिर में आधुनिक सुविधाओं, अतिरिक्त हॉल, और श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा,श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा ताकि सभी सुविधाएं सुगम और सुरक्षित हों,साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग और पुल का निर्माण होगा। इसके साथ ही मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 12 करोड़ रुपये का दूसरा प्रस्ताव भेजा गया है। ईई रत्नेश सक्सेना के मुताबिक मानसखंड योजना के तहत 40 करोड़ रुपये का एक प्रस्ताव तैयार किया गया था जिसमें से 28 करोड़ रुपये का बजट पहले ही स्वीकृत हो चुका है। सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए 12 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को रिवाइज कर दिया गया है।

**News कॉर्नर**

### बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, निचले इलाकों में शीतलहर से बढ़ी ठंड



**देहरादून।** बदरीनाथ धाम सहित हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी सहित नीती और माणा घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। दोपहर के समय निचले इलाकों में भी बादल छाए रहे। उत्तराखंड के चमोली जिले में मंगलवार को सुबह से मौसम बदला रहा, जिससे दोपहर के समय ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। बदरीनाथ धाम सहित हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी सहित नीती और माणा घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। दोपहर के समय निचले इलाकों में भी बादल छाए रहे, जिससे पूरे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से निचले इलाकों में शाम के समय शीतलहर से ठंड और भी अधिक बढ़ गई। हालांकि, दोपहर बाद मौसम सामान्य होने लगा और देर शाम तक आसमान साफ हो गया।

**मृतकों में रिटायर्ड डीएसपी भी शामिल**

## हादसाः दम घुटने से छह लोगों की मौत, चार बेसुध

**जम्मू**
**एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ के शिव नगर में एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और चार बेसुध हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। जम्मू-कश्मीर में दर्दनाक हादसा हुआ है। कठुआ में एक घर में भीषण आग लग गई। दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गई है। जबकि चार लोग बेसुध हैं। चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, कठुआ के शिवा नगर में सेवानिवृति डीएसपी अवतार कृष्ण पुत्र केशव रैना (81) के घर मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। दम घुटने से घर में सो रहे छह लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे शामिल हैं। जबकि चार बेसुध बताए जा रहे हैं। चारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सेवानिवृत्त डीएसपी भी शामिल हैं। तीन लोगों को घर से रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जबकि रेस्क्यू के दौरान एक पड़ोसी भी घायल हुआ। घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। जीएमसी कठुआ के प्रधानाचार्य




सुरिंदर अत्री के अनुसार, मौत प्रथम दृष्ट्या दम घुटने की वजह से हुई है। मृतकों में चार नाबालिग हैं, इनमें से दो तो तीन से चार साल के बच्चे हैं।

अत्री ने बताया कि सेवानिवृत्त सहायक मैट्रन के किराए के घर में आग लगी है। 10 लोगों में से छह की मौत हो गई और चार घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को बाहर निकाला जाएगा।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू और कश्मीर के कठुआ शहर के शिव नगर क्षेत्र में एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा शिव नगर क्षेत्र, कठुआ शहर में आग की घटना में एक परिवार के 6 सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। उन्होंने कहा मृतक परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थनाएं है। हमारी भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम, मंडल अध्यक्ष राहुल के नेतृत्व में मौके पर सहायता कर रही है।

## अंबेडकर मुद्दे पर विपक्ष का संसद में फिर हंगामा

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

संसद में आज अंबेडकर मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित हो गई। मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह के एक बयान पर विपक्ष भड़क गया है।

संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। मनुस्मृति और आरएसएस की उनकी विचारधारा यह स्पष्ट करती है कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए...उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने बुधवार को किसानों के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात संसद भवन में हुई। संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, डॉ. बीआर अंबेडकर जी संविधान के निर्माता हैं, संविधान उन्होंने बनाया है ऐसी परिस्थिति में जिस तरह से गृह मंत्री



अमित शाह ने अपमानजनक भाषा में कहा है वो अक्षम्य है। कांग्रेस के लोग डॉ. बीआर अंबेडकर का अपमान नहीं सहेंगे। लोकसभा में आज आंबेडकर मुद्दे पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। जिसके बाद लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोपहर दो बजे तक स्थगित हो गई। दरअसल मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी और उसे आंबेडकर का अपमान बताया था। राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर खूब नारेबाजी हुई, जिसके बाद राज्यसभा भी दो बजे तक स्थगित कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा में एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक मंगलवार को पेश किये जाने के संबंध में हुए मत विभाजन के दौरान अपने करीब 20 सांसदों की अनुपस्थिति की जांच कर रही है।

## सबसे छोटे सितार वादक हर्षित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के सबसे छोटे सितार वादक व गंधर्व भूषण से सम्मानित व यंग म्यूजिशियन लंदन द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित हर्षित कुमार अनमोल ने संगीत मिलन क्लासिकल वॉइस ऑफ़ इंडिया लखनऊ द्वारा शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बता दें कि हर्षित ने राग यमन बजाकर स्त्रोतों को क्या मंत्र मुग्ध और बांसुरी वादन में हल्द्वानी से प्रखर जोशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने अलग.अलग



वर्ग में भाग लिया जिसमें निर्णायक के रूप में पंडित शिरीष शाह वेदांत मिलन व पंडित बालकृष्ण पंडित रविंद्र नाथ गोस्वामी जी रहे। बता दे उत्तराखंड से हर्षित 10जनवरी 2025 को महाकुंभ मेले प्रयागराज में सीसीआरटी दिल्ली द्वारा सितार वादन की प्रस्तुति देंगे।

## महिला ने पति की गुमशुदगी दर्ज कराई

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना मुखानी में दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसका पति कमल गोस्वामी 4 अक्टूबर 2024 को दिल्ली जॉब के लिए गया था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। महिला ने बताया कि उसके पति ने आखिरी बार 23 अक्टूबर 2024 को फोन किया था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई संपर्क नहीं हो पाया है। महिला ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस ने भी उसके पति के बारे में जानकारी मांगी थी, लेकिन उसके बाद से भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। महिला ने पुलिस से अपने पति का पता लगाने की अपील की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## थानाध्यक्ष ने ली ग्राम प्रहरियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के तल्लीताल थाने के थानाध्यक्ष रमेश सिंह बोहरा ने मंगलवार को ग्राम प्रहरियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें 11 ग्राम सभाओं के ग्राम प्रहरी उपस्थित रहे।

बैठक में थानाध्यक्ष बोहरा ने सभी ग्राम प्रहरियों से आस.पास की घटनाओं की जानकारी साझा करने की अपील की ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरीयों से कहा कि उन्हें स्थानीय घटनाओं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना समय रहते थाने तक पहुंचानी चाहिए ताकि कानून.व्यवस्था को बनाए रखा जा सके। उन्होंने ग्राम प्रहरीयों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और



क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान ग्राम प्रहरीयों ने आई कार्ड की मांग भी की ताकि उनके कार्यों को पहचान मिल सके और वे अपनी जिम्मेदारियों को अधिक प्रभावी तरीके से निभा सकें। थानाध्यक्ष ने उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भोपाल सिंह राठौर, पान सिंह जीना, गोपाल जोशी, सुमित जोशी,राजेंद्र चमियाल, आनंद कुमार, पनी राम आर्य, तारा सिंह गैडा तथा महेश चंद, संजय सिंह बर्गली तथा महिपाल सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

# मौसम व जलवायु अध्ययन को लेकर सम्मेलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मौसम और जलवायु अध्ययन के लिए एरोसोल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिसे लेकर लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज, दून विश्व विद्यालय व भारतीय एरोसोल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संघ (आईएएसटीए) का संयुक्त चार दिवसीय सम्मेलन मंगलवार से देहरादून में शुरू हो गया है। मुख्य अतिथि विधायक चौहान सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि ने एरोसोल जैसे सूक्ष्म मुद्दों पर सम्मेलन समय की मांग है और हिमालयी क्षेत्र में इसका महत्व अधिक बढ़ जाता है। सम्मेलन में देश और विदेश के 250 से अधिक विज्ञानी व शोधकर्ता भाग ले रहे हैं।



विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि हिमालय के तलहटी क्षेत्र में एरोसोल लगातार उच्च स्तर को पार कर रहा हैं। जिसका प्रभाव हिमनदों, जलवायु चक्रों, पारिस्थितिकी और सामाजिक क्षेत्र में पड़ रहा है। सुझाव दिया कि सम्मेलन के परिणामस्वरूप योजना बनाकर नीति निर्माताओं को प्रदूषण को कम करने के लिए निर्णय में मदद मिलेगी। एरीज के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने सम्मेलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एरोसोल हवा में निलंबित अतिसूक्ष्म ठोस कणों अथवा तरल बूंदों का मिश्रण है। कोहरा, धूल, इत्र, धुआँ, दमा के इन्हेलर द्वारा दी जाने वाली दवा आदि एरोसोल के रोजमर्रा के उदाहरण हैं। वायुमंडलीय एरोसोल मौसम और जलवायु अध्ययन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

मियामी विश्वविद्यालय, अमेरिका के प्रो. प्रतीम बिस्वास ने एरोसोल विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर मुख्य भाषण दिया और ऐतिहासिक पहलुओं से लेकर भविष्य में अवसरों तक का अवलोकन प्रस्तुत किया। दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल ने कहा कि सर्दियों में शहरों में गंभीर प्रदूषण का सामना करना पड़ता हैं। खासकर उत्तर भारतीय क्षेत्र में एरोसोल प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। एरोसोल अनुसंधान, अनुप्रयोग और वैज्ञानिक विचारों का आदान-प्रदान वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आईएएसटीए वैज्ञानिकों और अभियंताओं के लिए एक पेशेवर संगठन है जो सम्मेलनों, तकनीकी बैठकों, व्याख्यानों और प्रकाशनों के माध्यम से एरोसोल अनुसंधान को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है। इसने भारत और विदेशों में संस्थानों और अन्य समान संघों के बीच सक्रिय संपर्क बनाए रखा है। डॉ. आर. पी. सिंह, निदेशक, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान निदेशक डा आरपी सिंह ने कहा कि एरोसोल पर अनुसंधान, अनुप्रयोग और वैज्ञानिक विचारों का आदान-प्रदान वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण हो चला है। सम्मेलन में इसके सार्थक परिणाम निकलकर सामने आएंगे। एरीज के आउट रिच प्रभारी डा वीरेंद्र यादव ने बताया कि सम्मेलन का समापन 20 दिसंबर को होगा।

## NEWS / फटाफट

### बी.डी. पांडे अस्पताल में मरम्मत का कार्य के चलते दिक्कत

नैनीताल । नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में छत की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद पीएमएस 6 माह बाद अपने कार्यालय में बैठने लगे हैं, जल्द ही कार्यालय भी मीटिंग हॉल से पूर्व की जगह स्थापित कर दिया जाएगा। बता दें कि बीडी पांडे जिला अस्पताल में छत की मरम्मत कार्य के चलते बीते छह महिनों से पीएमएस व अस्पताल का कार्यालय अन्यत्र स्थापित किया गया था। जिसके चलते कार्यों के संचालन में प्रबंधन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मीटिंग हॉल में कार्यालय संचालन के चलते कई कार्यक्रम नहीं किए जा सके हैं लेकिन अब पीएमएस कार्यालय का मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद पीएमएस अपने स्थाई कार्यालय से कार्य का संचालन करने लगे हैं। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि जल्द ही अस्पताल कार्यायल भी हॉल से उसके नियत स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा जिससे मिटिंग हॉल भी बैठकों व कार्यक्रमों के लिए खाली हो जाएगा।

### युवक घर के आंगन से गिरा, गंभीर

**नैनीताल** । कुमाऊं मंडल के काकड़ीघाट क्षेत्र में पड़ोसी के वहां जन्मदिन समारोह में शामिल होने गया युवक घर के आंगन से दस फीट नीचे गिर गया। गंभीर रुप से चोटिल युवक को बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार काकड़ीघाट निवासी प्रकाश चंद्र पड़ोसी के वहां आयोजित जन्मदिन समारोह में गया हुआ था। जहां नाचने के दौरान वह अनियंत्रित होकर आंगन से दस फीट नीचे गिर गया। रात अधिक हो जाने के कारण पड़ोसियों ने उसे किसी तरह घर छोड़ा। सुबह परिजन उसको लेकर बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी पसलियों में गंभीर चोट होने की पुष्टि हुई। पीएमएस डाण् टीके टम्टा ने बताया कि मरीज को भर्ती करने के बाद उपचार किया जा रहा है।

### नियमितीकरण को 165वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण कट ऑफ डेट 2024 जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 165वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। गुरुरानी ने कहा कि उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक वह प्रकृति के संरक्षण के लिए पौधारोपण करते रहेंगे। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, गोपाल, दीपक, नरेंद्र थापा तथा नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### ऑल इंडिया उलमा बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष बने रईस अहमद



**नैनीताल** । ऑल इंडिया उलमा बोर्ड के महासचिव जनाब बुनाई हसनी की ओर से नैनीताल के रईस अहमद कादरी (रईस भाई) को बोर्ड का उत्तराखंड प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। इस बीच रईस भाई ने मौलाना नौशाद अहमद सिद्दीकी,कवीर अंजुम उस्मानी प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड का आभार जताया है। दूसरी ओर रईस भई को अहम जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व सांसद डा.महेंद्र सिंह पाल,उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सूफी खलिक,लीला बोरा,एडवोकेट राजेंद्र परगांई,आसिफ अली बेग,मो.तैय्यब,नजाकत अली,अनुपम कबडवाल,मंसूर आजम,इमरान,मो.नाजिम बख्श आदि लोगों ने खुशी जाहिर की है।

### स्कूल के बगल में किया अतिक्रमण हटाया



**नैनीताल** । नगर पालिका भवन के पीछे स्कूल के बगल में जो अतिक्रमण किया गया था उसको तत्काल हटा दिया गया है। टीम में कमल सिंह कटियार अतिक्रमण टीम प्रभारी, दिनेश रत्नाकर, विक्की सिलेलान, दिवाकर चौधरी, विकास टॉक, महेश गैड़ा, सनी तथा रवि बहुगुणा उपस्थित थे।



# रोडवेज बस पैराफिट तोड़ते हुए खाई की तरफ लटकी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी से नैनीताल को आ रही उत्तराखण्ड परिवहन निगम भवाली डिपो की रोडवेज बस संख्या यूके 07 टीए -3250 हनुमान मंदिर और बल्दियाखान के मध्य डाडर गाँव के पास मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे असंतुलित होकर पैराफिट तोड़ते हुए खाई की तरफ लटक गई।

इस दौरान बस के टकराते ही बसे में सवार यात्रियों में चीख पुकार मचने लगी,बाद में यात्रियों को रोडवेज बस के आपात कालीन द्वार से एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक बस में 30 यात्री सवार थे, मंगलवार के दिन बड़ी अनहोनी घटना होने से बच गई। मौजूद लोगो का कहना था हनुमान जी कृपा से सभी यात्री सकुशल बच गए। बता दें कि जिस स्थान पर दुर्घटना होते-होते टल गयी वहीं पास में हनुमान मंदिर है पूर्व में भी क्षेत्र कई मोटर दुर्घटना हो चुकी हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत इन्फेंट यंग चाइल्ड फ ीडिंग का प्रशिक्षण रैमजे अस्पताल सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर सीएमओ डा.हरीश चंद्र पंत ने जिले के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

मुख्य प्रशिक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी बुद्धि ने बताया कि जब बच्चा छह महीने की आयु तक सिर्फ मां का दूध ही पीता है और उसे कोई भी फूड या ड्रिंक नहीं दिया जाता है तो इसे एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग कहते हैं। यह उस बच्चे के लिए सबसे अच्छा पोषण होता है। सीएमओ डा.पंत ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने व बेहतर पोषण के लिए स्तनपान के जरूरी होने की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशा एवं आम जन तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. संजीव खर्कवाल, नगर स्वस्थ्य अधिकारी डॉ. गणेश धर्मसत्तू,एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा समेत बीएस कडाकोटी, देवेंद्र सिंह बिष्ट तथा हरेंद्र कठायत आदि मौजूद रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति पर हत्या का केस दर्ज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप की स्वास्तिक कालोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के परिजनों की तहरीर पर पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। तुलसी मंडल पत्नी हर्षित मंडल निवासी ग्राम जगदीशपुर पोस्ट कालीनगर दिनेशपुर ने कहा है कि उसकी पुत्री पार्वती मंडल का पूर्व में मुकेश मंडल से विवाह हुआ था। जिससे उसकी दो सन्ताने पुत्रियां भावना मंडल उम्र 3 वर्ष व दिव्या मंडल उम्र 2 वर्ष उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि पुत्री पार्वती मंडल का अपने पूर्व पति से तलाक हो गया था। मृतका की मां का आरोप है कि पुत्री पार्वती मंडल को राज पुत्र सुखवीर निवासी रम्पुरा रुद्रपुर हाल निवासी जनपथ रोड स्वास्तिक कालोनी, ट्रान्जिट कैंप ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और पार्वती मंडल से प्रेम विवाह कर लिया। पार्वती मंडल दोनो पुत्रियों को छोड़कर राज के साथ किराये को के मकान में रहने लगी।आरोप है कि पुत्री पार्वती मंडल के माध्यम से जानकारी हुई कि राज आये दिन उसे दहेज न लाने का ताना देते हुये मारपीट करता है। उसकी मेहनत की कमाई को अपने नशे में खर्च कर देता है। मना करने पर उसे बुरी तरह सें मारता पीटता था। तुलसी मंडल का कहना है कि उसे पुत्री पार्वती मंडल ने बताया था कि राज नशा करता है तथा उसका कई लडकियों व औरतो से अफेयर है। मायके से दहेज लाने के लिये धमकाकर मारपीट करता था। 14 जनवरी को थाना ट्रांजिट कैंप से जानकारी मिली पार्वती फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब वहां पहुँचे तो देखा मृतका पुत्री पार्वती मंडल के हाथ एवं गले में चोट के निशान है। मृतका की मां ने बताया कि उसे पूर्ण विश्वास है पुत्री पार्वती मंडल की हत्या उसके पति राज ने अपने अवैध सम्बन्धों के चलते व दहेज की लालसा के कारण की है। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी पति राज के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला पर लोहे की राड से हमला किया,गंभीर

**रुद्रपुर**। पुलिस ने तीन सगे भाई और महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक वार्ड 17 खेड़ा निवासी जोगेंद्र पाल ने पुलिस को बताया कि उसके घर पास जितेन्द्र यादव, रवि यादव, बबलू यादव पुत्रगण राजबंश यादव व इनकी माता कमलावती 5 दिसंबर को घर के पास आये और पत्नी अनिता पाल के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। बाद में पत्नी पर लोहे की रोड से हमला कर दिया। हमलें में पत्नी को काफी चोटे आयी। बताया कि पत्नी के साथ मारपीट करने बाद उक्त लोग ने स्वय को चोटिल किया और धमकी दी कि जान से मार देंगे और अगर पुलिस में कार्रवाई का प्रयास किया तो किसी झूठे मुकदमें में फंसा देंगे। पीड़ित का आरोप है कि वह लोग अपराधिक प्रवृत्ति के हैं।कई बार चोरी व डकैती के मामले में जेल जा चुके हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी रम्पुरा गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेस से लाल सिंह पवार का दावा मजबूत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम की मेयर पद पर ओबीसी होने के बाद कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं कांग्रेस से जुड़े रहे नवीन वर्मा के भाजपा में जाने की चर्चाओ के बाद कांग्रेस के सबसे मजबूत स्तंभ के रूप में लाल सिंह पवार का नाम सामने आ रहा है।

लाल सिंह पवार सन 2013-2014 में हल्द्वानी महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष रहे हैं और सामाजिक कार्यों में लगातार युवाओं और कई संगठनो के साथ काम करते रहते है।फिलहाल इस मामले में लाल सिंह पवार से बात की गई उनका कहना था कि वह पार्टी एक सामान्य कार्यकर्ता है और लगातार पार्टी के लिए कार्य किए है,पार्टी संगठन जो भी जिम्मेदारी देगा उस जिम्मेदारी को पूरा करते हुए आये है और करते रहेंगे। ओ बी सी सीट होने के बाद उनका कहना है कि अगर पार्टी और स्थानीय संगठन के पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मिल कर जो निर्णय लेगे उस आधार पर काम करेंगे अगर



पार्टी मौका देती है तो फिर वह पूरी निष्ठा और ईमानदार से संगठन और हल्द्वानी के लिए कार्य करेंग। और भी दावेदार दौड़ में शामिल है और कई लोगों के नाम भी अभी सामने आ रहे हैं अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिरकार कांग्रेस पार्टी संगठन किसको मेयर पद पर प्रत्याशी बनता है लेकिन फिलहाल अभी की स्थिति को देखकर यही लग रहा है कि लाल सिंह पवार पहली पसंद हो सकते हैं

फिलहाल सोशल मीडिया में सबसे आगे नजर आ रहे हैं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उनके सपोर्ट में खड़े हैं और काफी बड़ी टीम के साथ है उनकी लगातार सक्रियता हल्द्वानी में देखी जाती है।

# अभिमत

## दायित्व से विमुख

***राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है। यहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है, जो व्यक्ति पार्षद बनता है, वह इसलिए दुखी होता है कि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है कि उसे मंत्री पद नहीं मिला। राजनीतिक क्षेत्र के लोग पद का दायित्व निभाने के बारे में नहीं सोचते हैं। आध्यात्मिक व धर्मगुरु जैसी गूढ़ रहस्य की सीख देते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है।***

राजनीति के क्षेत्र से जुड़ा हर व्यक्ति पार्टी लाइन से हटकर बोलने में संकोच करता है, परन्तु केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कई बार कटु सत्य बोलने से नहीं हिचकते हैं। नागपुर में 'जीवन के 50 स्वर्णिम नियम' पुस्तक का विमोचन करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है। यहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। जो व्यक्ति पार्षद बनता है, वह इसलिए दुखी होता है कि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है कि उसे मंत्री पद नहीं मिला। राजनीतिक क्षेत्र के लोग पद का दायित्व निभाने के बारे में नहीं सोचते हैं। आध्यात्मिक व धर्मगुरु जैसे प्रवचन की गूढ़ रहस्य की सीख देते हुए कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है। चाहे व्यक्ति पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक या कॉरपोरेट के जीवन में हो, जीवन चुनौतियों और समस्याओं से भरा है। इनका सामना करने के लिए जीवन जीने की कला को समझना चाहिए। नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयं सेवक के रूप में जमीनी स्तर पर कार्य किया। भारतीय जनता पार्टी में आने पर पद प्राप्त करने के लिए जोड़-तोड़ की सियासी कसरत नहीं की। सच्चाई यह है कि चुनाव में टिकट नितिन गडकरी किसी से मांगते नहीं हैं, टिकट देने वाले उनके पास खुद जाते हैं और प्रत्याशी बनने का आग्रह करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वह मंत्री पद किसी से मांगते नहीं हैं। उन्हें मंत्री बनाया जाता है तो मंत्रालय विशेष भी नहीं मांगते हैं। उनका काम धरातल पर दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में पूरे देश में एटलेन, सिक्सलेन, फोरलेन के हाई-वे, फ्लाईओवर आदि नितिन गडकरी के दायित्व का निर्वहन करने के साक्ष्य हैं। जितना काम नितिन गडकरी ने कराया है, उतना काम 50 साल में कोई सरकार नहीं करा सकी है। नितिन गडकरी अपने पद की जिम्मेदारी समझते हैं और उसे निभाते हैं। नितिन गडकरी पर भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का कोई आरोप कभी नहीं लगा है। जिस पद पर हैं, उससे ऊंचे पद के लिए भागदौड़ नहीं कर रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के युग में कोई बात छिपी नहीं है। काजल की कोठरी में बेदाग होने के कारण ही गडकरी ने राजनीतिक क्षेत्र के लोगों को खरी-खरी सुनाई है। गडकरी से द्वेष करने की जरूरत नहीं है, बल्कि सियासी गलियारे के लोगों को आत्मावलोकन करना चाहिए।

# मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में कारवाई की मांग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



अनुसूचित जाति के व्यक्ति के साथ अन्याय, बाल श्रम और मानवाधिकारों के उल्लंघन एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को लेकर अनुसूचित जाति के व्यक्ति रविन्द्र कुमार के साथ हुए अन्याय और मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले में जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गयी है।

यह घटना न केवल उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है बल्कि यह समाज और शासन की जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न उठाती है। वही 13 नवंबर को हुई घटना में रविन्द्र कुमार का कहना है कि उनके भाई.बहन राजकीय प्राथमिक विद्यालय पतलिया में अध्ययनरत हैं जब वह विद्यालय गए तो उन्होंने देखा कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से दीवार में पेंट का कार्य करवाया जा रहा था। जब उन्होंने इस अनुचित कृत्य का वीडियो बनाना शुरू किया तो शिक्षक आनंद मेलकानी ने उनका फ ोन छीनकर तोड़ दिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआए लेकिन शिक्षक ने इसके बाद प्रतिशोध की भावना से कार्य करना शुरू कर दिया। 26 नवंबर को शिक्षक की शिकायत पर राजस्व उप निरीक्षक गंगा दत्त पलडिया ने रविन्द्र कुमार को भीड़ापानी चौकी के बजाय धानाचूली बुलाया।

वहां बिना पक्ष सुने उनके साथ मारपीट की गई, सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई गईए और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। राजस्व उप निरीक्षक ने शिकायतकर्ता के फोन से घटना का वीडियो डिलीट कर दियाए जो इस मामले का महत्वपूर्ण साक्ष्य था। साथ ही 5000 रुपएं की अवैध मांग की गईए जिसमें डर के कारण उनके द्वारा 2000 रुपएं का भुगतान किया गया। गंगा दत्त पलडयि़ा का विवादित इतिहास रहा है। उन्होंने पहले भुमका में मारपीट की और कुछ व्यक्तियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराएए जिसके कारण उन्हें 7 वर्षों तक न्यायालय में केस लडऩा पड़ा। इसके बाद उन्होंने पतलोट में भी ऐसी ही घटनाओं को अंजाम दिया। रविंद्र कुमार ने एससी एसटी अत्याचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएं क्यूंकि यह मामला अनुसूचित जाति के व्यक्ति के खिलाफ अत्याचार और भेदभाव किया गया है। मामला अनुसूचित जाति के व्यक्ति के खिलाफ अत्याचार और भेदभाव का हैए इसलिए राजस्व उप निरीक्षक और शिक्षक आनंद मेलकानी के खिलाफ एससी एसटी अत्याचार अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

वहीं राजस्व उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके आचरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि निलंबन संभव न होए तो उनका स्थानांतरण अन्य स्थान पर किया जाए। शिकायतकर्ता के फ ोन से डिलीट किए गए वीडियो को पुन: प्राप्त कर उसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाए। शिक्षक को बाल श्रमए दुर्व्यवहार और मारपीट के लिए निलंबित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

शिक्षा संस्थानों में बाल श्रम की रोकथाम और अनुचित कार्यों को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी तंत्र लागू किया जाए। रविन्द्र कुमार और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। यदि मामले को एक सप्ताह के भीतर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो न्याय की मांग के लिए धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

**ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।**
www.uttaranchaldeep.com

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम भगवान गिरी से बदलकर भगवान गिरी गोस्वामी रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे भगवान गिरी गोस्वामी नाम से जाना पहचाना जाए। -**भगवान गिरी गोस्वामी, पुत्र हीरा गिरी, हिमालयन कालौनी, छड़ायल सुयाल, मानपुर वेस्ट, हल्द्वानी (नैनीताल)**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हरीश चन्द्र से बदलकर हरीश चन्द्र जोशी रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे हरीश चन्द्र जोशी नाम से जाना पहचाना जाए। -**हरीश चन्द्र जोशी पुत्र दया कृष्ण जोशी मं0सं0-26, पानपुर, कठघरिया, हल्द्वानी (नैनीताल)**



# डीएम ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में कंबल वितरित किये

**सितारगंज**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने ठंड को देखते हुए कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय पहुंचकर सभी लगभग 150 छात्राओं को कंबल वितरित किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा मद से 150 बच्चों को कम्बल वितरित किये गए है यदि बच्चों को और अधिक कम्बल, बिस्तर कि आवश्यकता होंगी तो वह भी दिया जायेगा। बच्चों को क़ोई समस्या अथवा जरुरत हो तो वे सीधे अपने प्रधानाचार्य या एसडीएम को अवगत कराये ताकि उसका समाधान किया जा सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा विद्यालय के छात्राओं को आपदा बचाव की जानकारियां दी गयी।इस दौरान नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम रविंद्र जुवाठा, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, उपखण्ड शिक्षा अधिकारी भानू प्रताप कुशवाहा, तहसीलदार गिरीश जोशी, जिला आपदा प्रबंधन उमा शंकर नेगी, प्रधानाचार्य कस्तूरबा गाँधी ललिता कोहली, आदि मौजूद रहे।

## जमीन दिलाने के नाम पर ठगी

**हल्द्वानी।** जमीन दिलाने के नाम पर आर्मी के जवान से 22.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रापर्टी डीलर जीवन सिंह पडियार पर आरोप है कि उसने जमीन के रुपये लेने के चार साल तक रजिस्ट्री नहीं की। नैनीताल के ग्राम बड़ौन निवासी किशन सिंह चिलवाल ने बताया कि वह जम्मू कश्मीर में आर्मी में तैनात हैं। साल 2020 में ग्राम हरिपुर कुंवर आनंदपुर हल्द्वानी निवासी जीवन सिंह पडियार से उनकी मुलाकात हुई. जीवन ने खुद को प्रापर्टी डीलर बताया और कई बीघा जमीन दिखाई, तब जीवन ने बताया कि वह जमीन बेचने का काम करता है। जो जमीन दिलाई गई, उसे अपना बताया। विश्वास में आकर आर्मी जवान ने जमीन का सौदा 22.50 लाख रुपये में कर लिया। साल 2020 में उन्होंने प्रापर्टी डीलर को पूरे रुपए दे दिए, लेकिन प्रापर्टी डीलर ने आज तक जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। पहले कोरोनाकाल होने के नाम पर टालमटोल किया गया और बाद में फोन उठाना भी कम कर दिया।

# फिल्मी दुनिया

## सलमान-एटली की फिल्म पर वरुण धवन ने खोल डाला ये बड़ा राज




*वरुण धवन इन दिनों अपनी फिल्म बेबी जॉन को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने सलमान खान और एटली की अगली फिल्म को लेकर एक दिलचस्प अपडेट दिया है। जवान' में शाहरुख खान के साथ काम करने के बाद निर्देशक एटली अपनी अगली फिल्म के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान नजर आ सकते हैं। पहले की रिपोर्ट्स में यह बताया गया था कि यह पुनर्जन्म पर आधारित एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें सलमान खान एक बिल्कुल अनदेखे अवतार में होंगे। इस फिल्म को लेकर बढ़ती उत्सुकता को और बढ़ाते हुए वरुण धवन ने आगामी फिल्म पर बड़ा अपडेट दिया है। वरुण धवन ने फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, सच में कुछ ऐसा होने वाला है जिसके बारे में किसी ने कल्पना नहीं की होगी। लोग नहीं जानते कि उन पर क्या असर होने वाला है। मैंने दृश्यावलोकन के बारे में बहुत कम देखा और सुना है। जो भी हो रहा है वह अविश्वसनीय है। वह इस पर शांतिपूर्वक, विनम्रता से काम कर रहे हैं। पिंकविला के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में एटली ने अपनी आगामी फिल्म के बारे में जानकारी दी। इस फिल्म को अस्थायी रूप से ए6 कहा जा रहा है, उन्होंने कहा कि फिल्म पर बहुत समय और ऊर्जा खर्च हो रही है। मुझे लगता है कि हम लगभग स्क्रिप्ट को खत्म कर चुके हैं और अब हम प्री-प्रोडक्शन स्टेज में हैं। जल्द ही भगवान की कृपा से हम एक शानदार घोषणा करेंगे।*

### जल्द होगा फिल्म का ऐलान

*एटली ने सलमान खान के ए6 में होने की संभावना को लेकर बड़े संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने इस बारे में ज्यादा नहीं बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को देखकर लोगों को बड़े आश्चर्य होंगे। एटली ने इस प्रोजेक्ट पर विश्वास जताया और कहा कि यह देश के लिए गर्व करने वाली उपलब्धि साबित होगी। फिल्म के निर्देशक ने फैंस से प्रार्थनाओं की अपील करते हुए कहा कि वे अब एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जाएगी, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ जाएगी।*

# 60 टिन लीसा बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने 17 दिसंबर की रात अवैध रूप से तस्करी के लिए लाए गए 60 टिन लीसा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस ने सूचना के आधार पर, एसओजी और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ गश्त के दौरान, हल्द्वानी के ढैला फास्ट फूड के पास खड़े एक संदिग्ध वाहन (टाटा योद्धा) को देखा। वाहन की जांच करने पर उसमें अवैध लीसा भरा हुआ पाया गया। वाहन के चालक से पूछताछ की गई, तो उसने अपना नाम वीर बहादुर सिंह (38 वर्ष) निवासी कचलाकोट, थाना मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल बताया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली और उसके पिछले हिस्से में एक खास प्रकार के पार्टीशियन के नीचे 60 टिन लीसा बरामद किया। हर टिन में लगभग 20 किलो लीसा भरा हुआ था। वीर बहादुर सिंह से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह यह लीसा रानीखेत क्षेत्र से लाकर हल्द्वानी में तस्करी के लिए लाया था। गिरफ्तार आरोपी के पास कोई वैध लाइसेंस नहीं था और वाहन के कागजात भी नहीं थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धारा 26/42 के तहत मामला दर्ज किया और वाहन को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया।

## काठगोदाम में दो दिन में दूसरी बार वाहन में आग लगाई

**हल्द्वानी।** काठगोदाम में दो दिन में दूसरी बार वाहन में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित रमेश चंद्र जोशी ने थाना काठगोदाम में तहरीर देकर बताया कि उनकी बजाज डिस्कवर 125 सीसी मोटरसाइकिल को रोहित सम्मल नामक व्यक्ति ने आग लगा दी। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी उनके भाई नवीन चंद्र जोशी की मोटरसाइकिल को भी रोहित सम्मल ने आग लगा दी थी। पीड़ित ने बताया कि रोहित सम्मल ने उनसे गाली गलौच और अपशब्द भी कहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी रोहित सम्मल की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्पर्श गंगा शिक्षा श्री सम्मान का कार्यक्रम का किया आयोजन

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

स्पर्श गंगा अभियान के स्थापना दिवस के विशेष मौके पर स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय में हिमालयन एजुकेशनल एन्ड रिसर्च डेवलपमेन्ट सोसाइटी द्वारा स्पर्श गंगा शिक्षा श्री सम्मान का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले पांच गुरुजनों को सम्मनित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. काशी नाथ जेना, कुलाधिपति प्रो. प्रदीप भारद्वाज तथा हिमालयन एजुकेशनल एन्ड रिसर्च डेवलपमेन्ट सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी समेत प्रो. प्रभाकर बडोनी, एडमिरल




ओमप्रकाश राणा तथा स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय की उपाध्यक्ष विदुषी निशंक, प्रो. ए. एस उनियाल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। हिमालयी मेडिकल एवं पी जी कॉलेज के डॉ नवीन जसोला द्वारा गंगा स्तुति के द्वारा किया गया। हिमालयन एजुकेशनल एन्ड रिसर्च डेवलपमेन्ट सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गंगा को बचाने के लिए हमें पहाडों के धारे नौले बचाने होंगे। स्पर्श गंगा अभियान एक पवित्र अभियान है। इस अभियान के प्रणेता डॉ. निशंक ने गंगा के महात्म्य को बचाने के लिए इस पवित्र अभियान की नींव रखी। इस अभियान की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगता है कि आज स्पर्श गंगा अभियान से संबंधित प्रश्न प्रतियोगिताओं में पूछे जा रहे हैं।

अपने संबोधन में प्रो. प्रभाकर बडोनी ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम उत्तराखंड में हैं। आज विश्व के कई देश जल संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में हमारे पास अनगिनत जीवनदायिनी नदियां हैंए ग्लेशियर हैं जो हमें जल प्रदान कर रहे हैं। ए.एस. उनियाल उच्चशिक्षा ने कहा कि उत्तराखंड में भी युवाओं को नशे ने अपनी चपेट में लिया है । इसकी गंभीरता को समझते हुए हम इस समय विशेष रूप से नशा मुक्त अभियान को चला रहे हैं ताकि देश की भविष्य को बचाया जा सके, वहीं एडमिरल ओमप्रकाश राणा ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद ही अब तक करोड़ों वृक्ष लगे हैं लेकिन ये भी ध्यान दिया जाए कि वे जिंदा कैसे रहे। स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. काशीनाथ जेना ने कहा कि 1997 में जब एडमंड हिलेरी भारत आये और बनारस गए तब उन्होंने कहा था कि अब गंगा पहले जैसी नहीं रही,पद्मश्री कल्याण सिंह रावत मैती ने कहा कि गंगा को प्रदूषित न करें हम गंगा के मायके के लोग हैं और गंगा हिमालय से निकलती है हिमालय नंदा और शिवजी का घर है पहले हम हिमालय में जाते थे तो जूते नही पहनते थे, आवाज नही लगाते थे। स्पर्श गंगा अभियान के प्रणेता व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि आज शिक्षा श्री सम्मान के अवसर पर में मैं स्पर्श गंगा के लाखों स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाया और निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. सरिता उनियाल तथा डॉ. दीपा सिंह, श्रीमती बिंदु साह, यशपाल सिंह रावत तथा श्रीमती सुरजी नेगी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिमालयी आयुर्वेदिक मेडिकल एवं पी जी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार झा, डॉ सर्वेश उनियाल, प्रो0 एस. डी. तिवारी, डॉ विनोद कुमार जोशी,स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद अरोरा, प्रो0 के. एल. तलवार, पुष्कर सिंह तथा रीता चमोली एवं विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### तलवार लहराते हुए दुकान में घुस दुकानदार पर हमला किया

**रुद्रपुर।** चौकी बाजार क्षेत्र एक युवक नंगी तलवार लेकर लहराते हुए एक दुकान में घुस कर दुकानदार पर हमला कर दिया। हमलें में दुकानदार घायल हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। गांधी कालोनी निवासी जीशान पुत्र दिल्लन ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि कालोनी ही निवासी बाप बेटे रंजिश रखते हैं। 15 दिसंबर 24 की शाम भाई साहिल दुकान पर बैठा। तभी कालोनी ही निवासी एक भाई की दुकान पर आया और नंगी तलवार लहराते हुए दुकान में घुस गया। आरोप है कि भाई पर तलवार से हमला कर दिया। हमलें में भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो वायरल हो रही है। घटना के तीन दिन बाद भी अभी तक तलवार लहराते हुए दुकान में घुस कर हमला करने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है।

# गौवंश स्क्वायड टीम ने 18 किलो प्रतिबंधित मांस समेत एक दबोचा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

गौवंश स्क्वायड टीम ने एक सूचना पर खेड़ा कालोनी में एक मकान में छापा मारकर प्रतिबंधित 18 किलो मांस बरामद किया। टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया।

टीम ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार को गौवंश स्क्वाड टीम को सूचना मिली कि खेड़ा कालोनी स्थित एक दुकान में प्रतिबंधित मांस बेचा जा रहा है। सूचना पर टीम प्रभारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में टीम ने खेड़ा कालोनी में मांस की दुकान पर छापा मारा।

टीम प्रभारी के मुताबिक दुकानदार नईम उर्फ गंठा निवासी खेड़ा को गिरफ्तार किया और प्रतिबंधित गौ मांस 18 किलो बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि खेड़ा में नईम उर्फ गंठा की दुकान पर प्रतिबंधित गौ मांस बेचा जा रहा है। इसी सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंच



कार्रवाई की और प्रतिबंधित गौ मांस बरामद हुआ। नईम के खिलाफ कोतवाली में मामला पंजीकृत कराया गया।

जांच के लिए सेंपल लिया गया है। टीम में हेड कांस्टेबल दीवान नाथ,हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, महेश राणा,राजकुमार, नीरज शर्मा आदि शामिल रहे। इधर गौवंश स्क्वाड टीम की कार्रवाई के चलते अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

**मुकदमा**

- मुकदमा दर्ज, जांच के लिए भेजा गया सेंपल

# यौन उत्पीड़न के विषय पर जागरूकता शिविर व कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी द्वारा नगर के भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडऩ के विषय पर जागरूकता शिविर व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर के प्रारंभ में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्वागत अभिनंदन किया गया तथा सैनिक स्कूल की स्थापना के विषय पर जानकारी साझा की गई। तत्पश्चात यशवंत कुमार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई,जिसमे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ,रोकथाम तथा निषेध और निवारण अधिनियम तथा यौन उत्पीडऩ अधिनियम के बारे मे विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में गुरुजन तथा छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।



# बागेश्वर सीनियर जिला लीग का विजेता बना बागनाथ क्रिकेट क्लब

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बागेश्वर सीनियर जिला लीग का फाइनल मैच गौलापार के एम एस मैदान में बागनाथ क्रिकेट क्लब और एन आर सी ए के मध्य खेला गया,एन आर सी ए के कप्तान गोविंद मेहता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया,एन आर सी ए 45 ओवर में 7 विकेट के नुकसान 252 रन बनाये, सलामी बल्लेबाज हर्षित नेगी ने शानदार शतक लगाते हुऐ 12 चोके की मदद से 115 रन बनाये, आयुष प्रिय दर्शी ने 4 चोके की मदद से 37 रन का योगदान दिया,बागनाथ के लिये नीरज चौबे और देवेंद्र भाकुनी ने 2-2 विकेट लिये। जबाब में खेलने उतरी बागनाथ क्रिकेट क्लब की टीम ने मैच को 44 वे ओवर में 6 विकेट खोकर 4 विकेट से मैच को जीत लिया,टीम के लिये निखिल भट्ट ने 14 चोके 1 छक्के की मदद से 134 रन कि शानदार शतकीय पारी खेली अभिषेक दफौटी ने 3 चोके की मदद से 35 रन का योगदान दिया,एन आर सी ए के लिये शंकर बाफिला ने 2 विकेट लिये,मैंन ऑफ दा मैच ओर मैन ऑफ दा सीरीज निखिल भट्ट, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज- नीरज राठोड़, सर्वश्रेष्ठ गेदबाज- नीरज चौबे,सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर- योगेश कांडपाल, सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर-शंकर बाफिला, मैच के अंपायर विजय आर्या और जितेंद्र सिंह व निखित जोशी स्कोरर थे,उससे पहले कुमाउँनी रीति से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया,मैच के मुख्य अथिति शहर के व्यवसायी चेतन बलूटिया विशिष्ट अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के कोषाध्यक्ष मानस मेघवाल ओर पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, सँयुक्त सचिव सुरेश सोनियल, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के अध्यक्ष रामदत पांडे, सचिव रमेश दानू, नैनीताल सचिव धीरज खरे,कोषाध्यक्ष कमल पपनै, अल्मोड़ा सचिव हर्ष गोयल, चंपापत सचिव नीरज वर्मा, रुद्रप्रयाग सचिव अरुण तिवाडी, चमोली सचिव नरेंद्र शाह, अरुण नेगी, सीएयू के सी ई ओ मोहित डोभाल, प्रदीप गड़िया, महेश शंकर, नीरज डसीला आदि ने मैच का आनंद उठाया।



# पुलिस ने हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने सट्टे की खाई बाडी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शाहनवाज है, जो आजाद नगर बनभूलपुरा का निवासी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शाहनवाज को लाल नंबर 17 आजाद नगर में सट्टे की खाई बाडी करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और 1080 रुपये नगदी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी शाहनवाज को धारा 13 जी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# मकान हथियाने को घर में घुसकर परिजनों पर हमला बोला,घायल

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मकान हथियाने के लिए दबंगों ने अपने ही परिजन के घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया । हमलें में परिजनों के गंभीर चोटें आई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पूजा राठौर पत्नी लखपत राठौर निवासी वार्ड 9 विवेक नगर, ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि 14 दिसम्बर को रात् वह घर में बच्चों संगे सो रही थी। पति दुकान में सो रहे थे। सास ससुर बगल वाले कमरे में सो रहे थे। आरोप है कि तभी उसके जेठ कृष्ण पाल, देवर मदन लाल,धर्मेन्द्र पुत्र कृष्णपाल, मदन का ससुर श्यामा चरन, मदन का साला गिरीश राठौर, साडू नरेश, कृष्णपाल का साल जय सिंह, कृष्णपाल के साडू रामपाल, कृष्णपाल के साडू पप्पू, विमला पत्नी पप्पू राधा पत्नी मदन उसके घर में घुस आए और मकान की दीवार गिरा दी। ससुर नत्थू लाल के गले पर मदन राठौर ने चाकू लगाकर धमकी दी । आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे, पुत्री नीशु, बेटा प्रियांशु, ससुर नत्थू लाल, सास रामवती को घूंसो व डंडों से पीटा। जिससे सभी को गम्भीर चोटे आयी। धमकी दी यह मकान तुम छोड़कर भाग जाओ। पति लखपत सिहं सुबह घर आए तो उन्हें बताया। पति ने पुलिस हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करायी लेकिन कोई नहीं आया। जिसके बाद उपरोक्त लोग सुबह घर के अन्दर घुस गए और लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग एकत्रित होने। तभी वह लोग देख लेने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयो में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति तथा विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी विकासखंड हल्द्वानी जिला नैनीताल के अंतर्गत आने वाले 43 विद्यालयो (प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल ,हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज) की विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज बुधवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाडखेड़ा में संपन्न हुआ। न्याय पंचायत लाखनमंडी के अंतर्गत आने वाले 43 विद्यालयों में कुल 258 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन



चक्रों में चला- प्रथम चक्र 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक संकुल- कुंवरपुर में द्वितीय चक्र 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लाखनमंडी में एवं तृतीय व अंतिम चक्र 16 दिसंबर 2024 से 18 दिसंबर 2024 तक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाड खेड़ा में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर मनीषी श्रीवास्तव प्रवक्ता राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज दौलतपुर एवं डिकर सिंह पडियार प्रभारी न्याय पंचायत लाखनमंडी ने तीनों चक्रों में तीनों दिवसों तक प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल (नैनीताल) के निर्देशानुसार निर्धारित मॉड्यूल के अनुरूप दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज किशनपुर की प्रधानाचार्य उषा सिंह , राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव लछमपुर के प्रधानाचार्य शमसुद्दीन सिद्दीकी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया की प्रधानाचार्य तनुजा जोशी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाड खेड़ा के प्रधानाचार्य रामपाल सिंह के अलावा आशा नेगी, ज्योति आर्य, सुमन बिष्ट, अनुराधा सक्सेना, मुकेश फुलारा, निर्मला रूवाली, उमा कार्की, अमित जोशी, गिरीश पांडे, चंदन सिंह पडियार, मुकेश जोशी , रामेश्वरी सजवाण, संध्या गर्ग, पूरनलाल कनौजिया, तारा पन्त, सपना महतोलिया, बिमला पांडे , गीता अधिकारी, भगवती जोशी,लीला चकरायत, निशा वर्मा, संतोष रौतेला, सहित विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों , जूनियर हाई स्कूलों ,हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाचार्य तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।